**खबर संक्षेप**

### दो मासूम बच्चियों के साथ विक्षिप्त को मिलाया परिजनों से



**शहडोल ।** शहड़ोल पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल, देर रात कर्कटी के जंगल मे दो मासूम बच्चियों के साथ भटक रहे विक्षिप्त को बिछड़े परिवार से शहडोल पुलिस ने मिलाया, शहडोल जिले की खैरहा पुलिस के आरक्षक सतीश चौरसिया ने विक्षिप्त व मासूम बच्चियो को उनके परिवार से मिलाया, 100 डायल व खैरहा पुलिस की मदद से जंगल मे भटक रहे विक्षिप्त के साथ दो मासूम बच्चियों को उनके परिवार से मिलाया, भटक गए मासूम व विक्षिप्त के पता ढूंढकर उनके परिवार से मिलाया, जिले के अमलाई ओपीएम के रहने वाले विक्षिप्त दो मासूम बच्चियों के साथ कर्कटी के जंगल मे भटक गए थे, पुलिस ने घर पता ढूंढ कर उन्हें घर तक पहुंचाया, लापता बच्चियो व विक्षिप्त की तलाश कर रहे थे परिवार के लोगों को उन्हें पाकर खुशी ठिकाना का नहीं रहा , खैरहा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की हर ओर सराहना की जा रही है।

### पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का 8 को नगर आगमन



**शहडोल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कॉंग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष मे प्रचार प्रसार हेतु 08 अप्रैल को कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का आगमन होने जा रहा है। राहुल गाँधी दोपहर 02 बजे जमुई हेलीपैड मे पहुंच कर बाणगंगा मेला मैदान मे आमसभा को संबोधित करेंगे। कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने समस्त कांग्रेसजन एवं आमजन से 08 अप्रैल को राहुल गाँधी की आमसभा में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

### युवती को जबरिया खिलाया जहर

**उमरिया।** निस्तार के लिए जाते समय एक युवती को किसी ने पीछे से पकडक़र जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया। इससे युवती बीमार हो गई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना काफी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस ने बताया कि यह घटना कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम लोढ़ा में हुई है। पीड़ति 18 वर्षीय युवती को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है।

## पैसा परस्त उपपंजीयक व तहसीलदार दे रहे भू माफिया को प्रश्रय

# सड़क किनारे कृषि भूमि के हो गए 155 टुकड़े, प्रशासन बेखबर



**शहडोल।** कृषि भूमि खरीदकर महंगी दरों पर अवैध प्लाट बेचे जा रहे हैं। यह सब कुछ अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है। बिना डायवर्सन व रेरा के कृषि भूमि पर अवैध प्लाट काटे जा रहे हैं। राजस्व प्रशासन कार्रवाई करने से हमेशा बचता नजर आ रहा है। डायवर्सन और एनओसी का पता नहीं है इसके बाद भी खेतों में फसलों के स्थान पर प्लाट काटे जा रहे हैं। जिले के गोहपारू जनपद मुख्यालय में खुलकर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है, भू-कारोबारी किसानों से एक साथ कृषि भूमि खरीद लेते हैं। इसके बाद बिना डायवर्सन और अन्य जरूरी अनुमतियां लिए बगैर प्लाट काटकर उन्हें बेचने लगते हैं। नियम विरुद्ध काटी जा रही कालोनियों के चलते स्वच्छ और सुंदर नगर के मास्टर प्लान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में काटी जा रही इन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तहसीलदार द्वारा कहा जाता है कि भूमि जिसकी होगी, वह प्लाटिंग कर रहे होंगे। खबर है कि गोहपारू जनपद मुख्यालय में विस्थापन की भूमि को तीन वर्ष पहले संभागीय मुख्यालय के भू-माफिया ने रजिस्ट्री करवाई थी, इसके बाद वर्तमान में इस भू-खण्ड पर लगभग 155 बटांक किये हैं।

### इनके नाम पर हुआ नामांतरण

नीता तांगड़ी, विजय कुमार तांगड़ी, पूजा गुप्ता, नारेन्द्र सिंह, जया खरे, अर्चना गायकवाड़, राजेन्द्र साहू, काशिम अली, अनीता सेन, नीता तिवारी, मालती देवी शुक्ला, शिवकांत तिवारी, पीयूष पाण्डेय, उमेश चंद्र गुप्ता, आशा सिंह, प्रभाकर सिंह, यशवंत सिंह, ब्रजेश कुमार गुप्ता, सुनीता सिंह, विधि सिंह, रविन्द्र जायसवाल, विजय साहू, राजेन्द्र साहू, ऋषभ नामदेव, संगीता साहू, दीपचंद्र गुप्ता, रामसागर सिंह, श्रीमती मीना बाई, श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव, सरफराज, श्रीमती दादन बर्गाही, पिंकी साहू, अनीता शुक्ला, शुभम सोनी, श्रीमती प्रियंका सोनी, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती शशि सोनी, महजबीन बेगम, विजय कुमार शुक्ला, यासमीन फातिमा, प्रीती तिवारी, राधिका सिंह, श्रीमती मीराबाई पाण्डेय, अजय साहू, फूलबाई कुशवाहा, मनोज कुमार, अजय गुप्ता, राजू गुप्ता, प्रेम चन्द्र, बाबूलाल गुप्ता, चन्द्रभान गुप्ता, रविन्द्र सक्सेना, सुशील कुमार यादव, राजेन्द्र केवट, सुमित कुमार यादव, पारस नाथ गुप्ता, ऊषा शुक्ला, मीरा पाण्डेय, महेश प्रसाद शर्मा, प्रोद्युत गोल्डार, रोहित कुमार केशरवानी, कन्हैया दुबे, सचिव कुमार तिवारी, शिवेन्द्र सिंह, श्री प्रसाद तिवारी, मृगेन्द्र पाठक, पुस्तकला जुज्झारे, अनुपम शर्मा, मंगलेश्वर सिंह बघेल, प्रदीप सिंह, पुष्पलता सिंह, राजेश प्रताप सिंह, गोविन्द सिंह, रानी चतुर्वेदी, अलका तिवरी, आकिद खान, अवधेश कुमार सोनी, अंजू सोनी, दुर्गा यादव, फूलबाई गुप्ता, लवकेश कुमार यादव, माखनलाल यादव, परमानंद यादव, रामगोपाल यादव, अंकित पाण्डेय, ज्योति सिंह बघेल, संध्या रजक, योगेश कुमार मिश्रा, ममता सिंह, सीता विश्वकर्मा, प्रियंका पाठक, दीक्षा सिंह चंदेल, अंजुम बेगम, रेखा शर्मा, रवेन्द्र सिंह, दुर्गेश केशरी, कुमार शिवाजी गुप्ता, यशवंत सिंह, विनीता सिंह, मो . असलम मंसूरी, बेबीशबनम खान सहित अन्य लोगों के नाम पर खसरा नंबर 89 मे प्लाट काटे गये हैं।



### कृषि भूमि के 155 टुकड़े

जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर कृषि भूमि के 155 टुकड़े हो गए लेकिन इस पर न तो राजस्व अमले को कोई एतराज हुआ न उप रजिस्टार कार्यालय ने कोई आपत्ति की। किसी ने भी यह जानने की कोशिश नहीं की कि कृषि प्रयोजन भूमि के इतने टुकड़े किस आधार पर हो गए। क्या इस भूमि का कहीं कोई डायवर्सन हुआ या एनओसी ली गई। ग्रामपंचायत ने कोई हस्तक्षेप किया ?, जो रजिस्ट्री कराई जा रही है क्या वह खेती के उपयोग के लिए की जा रही है? उपपंजीयक कार्यालय भ्रष्टाचार में इतना अंधा हो चुका है कि वह कोई भी जरूरी प्रक्रिया व जरूरी दस्तावेज देखना ही नहीं चाह रहा है। यही हाल तहसीलदार व एसडीएम का भी है। तहसीलदार सरेआम सारा खेल सड़क किनारे देख रहे हैं फिर भी वे टाउन एण्ड कंट्री प्लान को दोषी ठहरा रहे हैं।

### तहसीलदार भ्रष्ट, पटवारी लाचार

इस मामले में तहसीलदार स्तर से कोई आपत्ति नहीं किए जाने से जमीनो का बटांक बढ़ता रहा है। एक भूमि के टुकड़ों से ही समझ में आता है कि यह आवास के लिए होगा या खेती के लिए। तहसीलदार भी भू माफिया से अपने आर्थिक समीकरण बैठाकर उनका कारिन्दा बन जाता है और फिर भूमाफिया का सारा काम आसान कर देता है। पटवारी का कहना है कि रजिस्टार कार्यालय से जमीन की रजिस्ट्री हो जाती है तो फिर उसे नामांतरण और अन्य कार्रवाई करनी पड़ती है। मुख्य रूप से इसमें तहसीलदार, एसडीएम और उपपंजीयक की भूमिका ही कार्य कर रही है। जिसके कारण बटांक को बढ़ावा मिल रहा है।

### इनका कहना है

पता नहीं हो रही होगी प्लाटिंग, करने वाले करते होंगे, हम उसमें क्या कर सकते हैं?

**लक्ष्मण पटेल**
**तहसीलदार, गोहपारू**

# हत्याकांड के सभी 6 आरोपी गिरफ्तार

### युवक की लाठी-डंडो से पीटकर दिया था घटना को अंजाम

**उमरिया।** फरियादी कैलाश यादव निवासी नरवार थाना चंदिया द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 03 अपै्रल को मेरा बड़ा भाई कमलेश यादव उम्र 38 साल शाम करीब 04 बजे अपने दोस्त के साथ उमरिया जाने के लिये निकला था, उसी रात करीब 12 बजे मेरे रिश्ते के जीजा सुनील यादव द्वारा बताया गया कि तुम्हारे भाई कमलेश के साथ भोला यादव निवासी कोयलारी व उसके घर के लोग बहुत मारपीट किये है, जिससे उसको बहुत चोट आई है। तब मैं अपने पिता एवं भतीजे के साथ कोयलारी गांव आया और देखा कि मेरा भाई गंभीर हालत में गुलाब यादव के घर के पास खेत में पड़ा है जिसे हम जिला अस्पताल लेकर आये। मेरे भाई के सिर व शरीर पर चोट के निशान थे अस्पताल में मेरे भाई कमलेश को इलाज के दौरान होश आया और उसने बताया कि वह अपने दोस्त को कोयलारी छोड़ने गया था, उसे छोड़कर रात करीब 09 बजे घर वापिस आ रहा था तभी लाला यादव के घर के सामने भोला यादव व उसके साथी शम्भू यादव, विदेश यादव, दिनेश यादव, लाला यादव, मुन्ना यादव मेरी गाड़ी रोक लिये और पुरानी रंजिश को लेकर सभी लोगो ने जान से मारने की नीयत से मेरे साथ लाठी-डंडे से मारपीट किये, जिससे मेरे सर व पूरे शरीर पर चोटे है मैं वहां से गिरते पड़ते जान बचाने की कोशिश में भागा और आगे खेत में गिर गया। भोला यादव एवं उसके साथियों द्वारा मेरे भाई के साथ की गई, मारपीट के कारण आई गंभीर चोटो से इलाज के दौरान मेरे भाई की मौत हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपियो के विरूद्ध धारा 341,302,34 ताहि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

घटना के पश्चात मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन एवं पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एवं उत्कृष्ठ विवेचना व साक्ष्य संकलन के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, साथ ही आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 30 हजार रूपये के इनाम की उद्घोषणा की गई । पुलिस टीम द्वारा मामले में 01 आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया गया एवं 05 फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयासो को तेज कर दिया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर फरार सभी 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जो कि अन्यत्र स्थान पर भागने की फिराक में थे। उमरिया पुलिस द्वारा प्रकरण में सभी 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है ।




कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल, पुलिस अधीक्षक उमरिया श्रीमति निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया व अनु. अधि. पुलिस उमरिया के कुशल मार्गदर्शन -निर्देशन में संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश चंद्र मिश्रा, उप निरीक्षक बृजकिशोर गर्ग, सहायक उप निरीक्षक पीयूष गौतम, उमेश सिंह, अमरबहादुर सिंह (चौकी सिविल लाईन), प्रधान आरक्षक जगदीश तिवारी, राजकुमार गुर्दे, अशोक सिंह, राजेन्द्र सिंह, शिशिर त्रिपाठी, राजेन्द्र, आरक्षक सुनील, कृष्णा कापसे एवं सायबर सेल से राजेश सोंधिया एवं संदीप सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# शिक्षक संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल का एक प्रतिनिधिमंडल लालजी तिवारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की अगुवाई में कलेक्टर के नाम से श्रीमती अमृता गर्ग संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिए गए गाइडलाइन के अनुसार भीषण गर्मी से बचाव के लिए जिले में संचालित प्रकार के विद्यालयों का समय परिवर्तित कर सुबह 7:30 बजे से 12 तक किए जाने हेतु प्रतिनिधि मंडल ने विनम्रता पूर्वक आग्रह किया है। संयुक्त कलेक्टर ने तत्काल इस पर कार्यवाही करवाने हेतु कलेक्टर से चर्चा कर उपरोक्तानुसार निर्णय लेने हेतु कहा है। ज्ञापन सौपते समय जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी, उपाध्यक्ष राजन सिंह, वरिष्ठ साथी राजेंद्र शर्मा, योग प्रभारी सूर्य प्रकाश तिवारी, नगर इकाई अध्यक्ष कैलाश जोशी, कोषाध्यक्ष आरसी गुप्ता, सचिव आरडी राय, नगर इकाई उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व नगर इकाई अध्यक्ष सीता शरण शुक्ला, बुढार ब्लॉक से शिक्षक संघ के राजेश प्रजापति, राजेश मिश्रा, सोहागपुर ब्लॉक इकाई से हनुमान शरण त्रिपाठी, दीप नारायण तिवारी, सिंहपुर से संजीव शर्मा, संतोष बुनकर, शिक्षक साथी मंजूरुल हक सहित कुछ अन्य साथी उपस्थित थे।



### आग की लपटों से लाखों की फसल राख



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम घघडार में गेंहू के खड़ी फसल में आग लग गई है, इस हादसे में सैकड़ो क्विंटल गेंहू के राख होने का अनुमान है। सूत्रों की माने तो आग स्थानीय किसान राकेश पिता चुटुदाना बैगा एवम कनछेदी पिता रज्जू यादव के खेत मे लगी है। सरकारी स्कूल के सामने किसान के खेत मे आग कैसे लगी,फिलहाल तफ्तीश का विषय है,घटना के बाद सम्बंधित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है।घटना के करींब घण्टे भर बाद अभी आग की लपटों को बुझाने दमकल पहुंचा है,पर आग लगने के बाद से ही लोकल किसान सक्रिय हो गए थे,और करींब 60 से 70 फीसदी आग पर काबू पाने सफलता मिल भी गई थी,बताया जाता है कि समय पर स्थानीय किसान सक्रिय नही होते तो आग की लपटें और भी क़ई किसानों के खेत मे लगी खड़ी फसल को राख में तब्दील कर देती।पीड़ति किसानों ने प्रशासन से राहत की गुहार लगाई है।

# रोटेरियन अशोक सराफ हुए एडीजी नियुक्त

**शहडोल।** रोटरी इंटरनेशनल 3261 के वर्ष 2024-25 के डिस्टिक गर्वनर रोटेरियन अखिल मिश्र ने रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष,वर्तमान रोटरी क्लब विराट के सदस्य रोटेरियन अशोक सराफ को असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नियुक्त किया है। अखिल मिश्रा ने नियुक्ति पत्र में लेख करते हुए अशोक सर्राफ को रोटरी के प्रति समर्पित तथा विलक्षण प्रतिभा का धनी बतलाया। उनकी नियुक्ति पर रोटरी क्लब विराट शहडोल के वर्तमान अध्यक्ष नरेश कुमार सिंघल,पूर्व सहायक प्रांतपाल विनय तिवारी,क्लब के सचिव अशोक बजाज, कोषाध्यक्ष जय सुखलाल,रोटेरियन टीपी मिश्रा मदन मोहन पांडे, अनिल संपाल, सी एम मेहानी, सुशील खोडियार,पूर्व सहायक प्रांतपाल, श्री दीपक मिश्रा,डॉक्टर जी डी सिंह, देवेंद्र श्रीवास्तव, डॉक्टर कपिल मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश ओचानी,भारती प्रेस के संचालक चंद्र शेखर अग्रवाल,लखन बुचवानी,पूर्व जज रामवतार गोले,सत्य साईं शेखर ढांड, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष,सुशील सिंघल,शिव सक्ति जोहरी ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। क्लब विराट शहडोल के अध्यक्ष नरेश कुमार सिंघल ने क्लब ने मात्र तीन साल के भीतर सामाजिक सेवा के नवीन कार्य किए शुरू किए हैं। जिसमें सेवा प्रकल्प प्रमुख है। अशोक सराफ के नियुक्त होने पर सभी रोटेरियन साथियों में भारी उत्साह है।

# भीषण आग से आवागमन हुआ अवरूद्ध, फसल हुई राख



**शहडोल।** जिले में गर्मी शुरू होते ही आगजनी के मामले सामने आने लगे हैं। ब्यौहारी थाना क्षेत्र में तीसरी आगजनी की घटना सामने आई है। ब्यौहारी-सीधी मार्ग पर बीती रात सडक़ किनारे सूखे पत्तों से भडक़ी आग लिप्टिस के पेड़ तक पहुंच गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटे काफी ऊंची उठने लगी और ब्यौहारी-सीधी मुख्य मार्ग में वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। पुलिस व दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था।

### खेत में पहुंच गई आग

लिप्टिस के पेड़ और कचरे से बढ़ती हुई आग खेत में पहुंच गई। बालमुकुंद पांडेय के तीन एकड़ में लगी राहर की फसल आग की चपेट में आने जलकर राख हो गई है। दमकल व पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। बीती रात की यह पूरी घटना है। थाना प्रभारी एम.एल . रहंडाले ने बताया कि ब्यौहारी-सीधी मुख्य मार्ग में सडक़ किनारे सूखे पत्तों में आग लग गई। पत्तों से आग बढ़ते हुए लिप्टिस के पेड़ तक पहुंच गई। इसके बाद बालमुकुंद के तीन एकड़ में लगी राहर की फसल आग की चपेट में आ गई और पूरी जलकर राख हो गई है।

# सबमर्सिबल पम्प के माध्यम से वार्डवासियों तक पहुंचा पानी

### अध्यक्ष व पार्षद की हो रही सराहना





**अमलाई।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक -7 पुरानी शिव मंदिर वार्ड पर पानी की बड़ी किल्लत महसूस की जा रही थी जहां पर बीते दिवस नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता और पार्षद समाजसेवी पवन कुमार चीनी के अथक प्रयास के बाद समरसियल पंप लगवाया गया है, जिससे आम नागरिकों और वार्ड वासियों में खुशी देखते हुए बन रही थी निश्चित रूप से कोल माइंस क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पानी की परेशानी हद पार करी जाती है और कभी-कभी तो वार्ड वासियों को तीन दिनों तक नल के इंतजार में बैठे रहना पड़ता है, कई घरों में लोग नहाने तक को तरस जाते हैं, इस बीच परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता और पार्षद समाज सेवी पवन कुमार चीनी ने थोड़ा राहत देते हुए पंप चालू कर लोगों को खुशी ज़रूर प्रदान की है, ऐसे ही पूरे अमलाई क्षेत्र में जहां पर लगभग 1500 की जनसंख्या निवास करती है, ,4 वार्ड में अभी भी पानी की अफरा-तफरी बनी हुई है जिस तरह से वार्ड क्रमांक-07 में लोगों को राहत दी गई है। आम नागरिकों का कहना है कि परिषद के द्वारा भले ही उनसे पानी का भुगतान तय कर लिया जाए लेकिन बराबर सुविधा उन्हें मिलनी चाहिए, इसके अलावा समय-समय पर नालियों की साफ-सफाई और अन्य प्रकार की सेवाओं के बदले कर देने को तैयार हैं, बस उन्हें नगर परिषद की तरफ से सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। बहरहाल पुरानी शिव मंदिर जहां पर पंप लगाया गया है वार्ड के सभी लोगों ने परिषद और पार्षद का हृदय से सराहना की है और आशीर्वाद भी दिया है, वहीं नगर परिषद बरगवां अमलाई की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता का कहना है कि आने वाले दिनों में नगर परिषद अंतर्गत जहां-जहां पर पंप लगाया गया है सभी के घरों में कनेक्शन पहुंचाकर उचित सुविधा प्रदान की जाएगी, जो कि चुनाव के बाद ही संभव हो सकता है। बहरहाल वार्ड वासियों ने खुशी जाहिर की है और साथ ही शिव मंदिर में समय-समय पर होने वाले भंडारे या अन्य कार्यक्रम शादी,ब याह जैसे कार्यों के लिए भी पंप को महत्वपूर्ण बताया है, उनका कहना है कि धार्मिक स्थल में अब अपने हाथों से शुद्ध जल चढ़ा सकेंगे, सभी लोगों ने अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता व पार्षद समाजसेवी पवन कुमार चीनी का धन्यवाद ज्ञापित कर खुशी जाहिर की है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिदिन व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी



**कोतमा।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ेगा। जहां नगर पालिका प्रशासन जल बचाने एवं फालतू जल बहाने का स्लोगन भी नगर में लोगों को बताकर जागरुक कर रही है। ठीक इसके उलट देखने को मिल रहा है जहां नल जल योजना के कर्मचारियों के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 7 बूढी माता मंदिर के पास पाइप लीकेज है और प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ में बह रहा है लेकिन इस ओर नगर पालिका प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है जिसके कारण व्यर्थ में पानी बह रहा है। मोहल्ले वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से नल जल योजना के तहत लीकेज पाइप लाइन के सुधार की मांग की है जिससे व्यर्थ में पानी ना बहने पाये।

### मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत शपथ एवं रैली का आयोजन संपन्न



**जमुना/बदरा।** 4 अप्रैल को ग्राम गंभीरवाटोला में शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणजनों को मतदान का महत्व बताते हुए सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक कर शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम में परामर्शदाता शिवानी सिंह प्रस्फुटन समिति जमुना की अध्यक्ष पार्वती वर्मा नवांकुर संस्था पसान के कार्यक्रम समन्वयक दशरथ सिंह सीएमसीएलडीपी छात्र रुक्मणि देवी, चांदनी नापित एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 03 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 25 स्थानों पर दबिश देकर कुल 247 लीटर कच्ची महुआ एवं 16 लीटर अंग्रेजी शराब जप्ती की गई।

### रेलवे कंपाउण्ड में लगी आग



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी रेलवे कंपाउंड में पुराने पीडब्ल्यूआई कार्यालय में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषड़ थी कि पीडब्ल्यूआई कार्यालय में रखे कबाड़ में पहुंच गई जहां बड़ी-बड़ी आग की लपटे उठने लगी और एक कार्यालय भी जलकर राख हो गया, आम लोगों के सूचना पर रेलवे विभाग ने नगर परिषद ब्यौहारी की दमकल की गाड़ी तुरंत घटनास्थल पर बुलाया गया, लगभग आग पर काबू पाने में 2 से 3 घंटे लग गए, इस घटना में रेलवे कंपाउंड में रखे कबाड़ भारी मात्रा में जलकर खाक हो गया। खबर है कि महुआ फूल बीनने वालों ने लगाई थी।

### अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जप्त

**शहडोल।** थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत 03 मार्च को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि गोदावल तिराहा तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन कर रहे है। सूचना पर ब्यौहारी पुलिस द्वारा एक ट्रेक्टर मय रेत लोड आते दिखा जिसे रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अशोक चतुर्वेदी पिता सामरे लाल चतुर्वेदी उम्र 40 वर्ष निवासी देवगांव का होना बताया जिससे वाहन एवं रेत परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर कोई बैध दस्तावेज न होना बताया जिससे पुलिस द्वारा ट्रेक्टर को जप्त कर अज्ञात आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रशिक्षण संपन्न

# स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिकाः कलेक्टर

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग व्दारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा। जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां जोरो पर की जा रही है। जिले में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान दल का प्रशिक्षण शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में दिया जा रहा है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल में संलग्न शासकीय सेवक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। भारत निर्वाचन आयोग व्दारा जारी दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण के दौरान अपनी शकांओं का समाधान भी अनिवार्य रूप से कर लें। सभी मशीनों को एक बार चलाकर देंखे। उन्होने कहा कि मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात एवं मतलेखा तैयार करनें की जानकारी से अवगत होना आवश्यक है। जिला निर्वाचन



अधिकारी ने विभिन्न मतदान प्रशिक्षण कक्षों में भ्रमण कर पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान दल से मतदान प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न भी किए। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने कहा कि मतदान दल में तैनात सभी शासकीय सेवक मतदान दल ईव्हीएम संचालन का पर्याप्त अभ्यास कर लें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि मतदान दलों को आयोग व्दारा किए गए परिवर्तनों की जानकारी से अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। मास्टर ट्रेनर्स व्दारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग,किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को डज नाट, डू नाट की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. अभय पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, डॉ. एम. एन. स्वामी, मनोज व्दिवेदी, प्रदीप सिंह गहलोत सहित अन्य मस्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## सिंहपुर के जंगल में रामजी के आदेश पर नाचती घोड़ी

**शहडोल।** जुआ, शराब, सट्टा सहित शहर व गांव में पनपने वाले संगठित अपराध पर पुलिस शिकंजा कसने की दावा करती रहती है, लेकिन पुलिस के दावे की पोल सिंहपुर थाना क्षेत्र में खुलती नजर आ रही है, जंगल में सीमेंट का चबूतरा बनाकर जुआं सहित घोड़ी फेंकी जा रही है, आये दिन मामला सामने आने के बावजूद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जिला मुख्यालय से सटे सिंहपुर थाना क्षेत्र में वर्दी के संरक्षण में जमकर घोड़ी दौड़ाई जा रही है, इस पूरे खेल के चार मास्टर माइंड है, जिसमें दो सिंहपुर के पुराने नामचीन जुआंरी और दो बुढ़ार के जुआंरियों ने पूरा मैनेजमेंट सम्हाल रखा है, हर दिन चारो मिलकर नाल उठा रहे है, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं है, लेकिन सबकुछ मैनेज होने के चलते कभी वर्दीधारी उक्त ठीहे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। पुलिस संगठित अपराध पर शिकंजा कसने का जितना भी दावा करती हो, लेकिन जंगल में जुआ खेलते बेखौफ जुआरियों के चेहरे पर पुलिस का कोई डर दिखाई नहीं देता। जुआ खेलते लोगों और दिखाई दे रही जंगल की लोकेशन के आधार पर लोगों का दावा है कि जिस क्षेत्र में जुआ चल रहा



है, वह सिंहपुर क्षेत्र के गांव का है। सिंहपुर थाना क्षेत्र में रामजी-आदेश का सिक्का चलता है, हर चौक-चौराहों पर घोड़ी दौडने की चर्चा जोरो पर है, जुआ खेलने के शौकीन अपने मेहनत की कमाई जुएं में लुटाने के साथ ही घर के जेवरात व अन्य बहुमूल्य सामान बेचकर फड़ में दांव पर लगा देते हैं। इसके उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो जाती है। धीरे-धीरे जुएं की लत की वजह से जमीन-जायदाद भी बिक जाता है और लोग सडक़ पर आ जाते हैं। स्थानीय लोगों की माने तो सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुए का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। इस खेल में रामजी-आदेश तो मालामाल हो रहे है, जुआं के इस खेल में स्थानीय रसूखदारों का भी अच्छाखासा हस्तक्षेप है।

जिससे सिंहपुर के जंगलों में जुआ खूब फल-फूल रहा है। सिंहपुर के जंगल नाल उठाने वाले रामजी-आदेश को पुलिस का खुला संरक्षण मिला हुआ है, पुलिस संरक्षण में ही इतने बड़े पैमाने पर जुआं का कारोबार चल रहा है, ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली भी काफी संदिग्ध मानी जा रही है। जुए के फड़ में साहूकार मोटी रकम लेकर पहुंचते है, जहां पर जुआरी जुए में रकम हारने के बाद तुरंत अधिक ब्याज पर राशि लेते हैं और फिर दांव लगाते हैं। ब्याज के इस धंधे में सूदखोर तो मालामाल हो रहे हैं, मगर ब्याज लेने वाले बर्बाद हो रहे हैं। बीते माहों में रजूस नामक व्यक्ति द्वारा भी जुएं का खेल कराया जाता था, लेकिन रामजी के आदेश के बाद यह खेल घोड़ी में तब्दील हो गई। जुआ अब चोरी छिपे नहीं बल्कि खुलेआम हो रहा है, ताश के पत्तो सहित घोड़ी पर हजारों लाखों के दांव लग रहे हैं। इस जुए ने न जाने कितने ही परिवारों को बर्बाद कर दिया है। सिंहपुर क्षेत्र के युवा जुएं की इस बुरी लत में फंसते जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले इन जुआरियों को अब पुलिस व कानून का भी कोई डर नहीं है।

## उमरपानी में साईकिल रैली निकालकर दिया गया मतदान करने का संदेश

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उमरिया जिले में चुनौती 40 के 40 मतदान केन्द्रों का चयन किया गया है, जहां प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्नि गतिविधियों का आयोजन करके मतदाताओ में 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अलख जगाने का कार्य किया जा रहा है। नवाकुर संस्था जनहित मानव विकास सेवा संस्थान के द्वारा ग्राम उमर पानी में दीवार लेखन, रोड लेखन व साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी ग्रामीणो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली में संस्था के सभी पदाधिकारी, सरपंच, सचिव, उप सरपंच ग्रामवासी, बीएसडब्ल्यू के छात्र, शासकीय विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। अभियान के तहत पंपलेट का भी किया वितरण करते हुए सभी



मतदाताओ से शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। नोडल अधिकारी रवींद्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद ने बताया कि चुनौती 40 अंतर्गत ग्राम उमरपानी मे मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया है। 19 अप्रैल के दिन बिना किसी भय, लालच, प्रलोभन मे आये बिना अपने मताधिकार का उपयोग करे। कार्यक्रम में सचिन गुप्ता अध्यक्ष, सूरज कुमार सोनी सचिव, अनिल यादव कोषाध्यक्ष, प्रकाश राजपूत संरक्षक, ऋषिकेश रजक उपाध्यक्ष, मोहम्मद मोमिन उपाध्यक्ष, विनोद सोनी पेंटर, बुद्ध सेन साहू सचिव, मनबोध सिंह रोजगार सहायक, उपसरपंच,शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कीर्ति सिंह मेंटर, खुशबू सिंह, चांदनी महोबिया, रोशनी यादव, उषा सिंह,रोशनी नामदेव, तेश कुमारी, पूनम प्रजापति, शिवम सिंह बीएसडब्लू के छात्र, ग्रामवासी, छात्र उपस्थित रहे।

## 150 गुंडे, बदमाशों पर हुई प्रतिबंधात्मक कर्रवाई, 51 हथियार थाने में कराए जमा




**कोतमा।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पुलिस आए दिन प्रभावी कार्यवाही कर रही है थाना क्षेत्र के गुंडे, बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ ही सीमा क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाकर हर आने जाने वाले वाहनों पर जांच कर रही है। इसके साथ ही अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी शुंदरेस सिंह सिंह ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद से पुलिस ने अब तक डेढ़ सौ से ज्यादा गुंडे बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है जिसमें 107/16 के अंतर्गत 129, 151 में 19 एवं 110 में 13 लोगों पर बाउन्ड ओवर की कार्यवाही की गई। थाना क्षेत्र में आधा सैकड़ा से ज्यादा शास्त्रों को जमा करा लिया गया है सुरक्षा की दृष्टि से बैंक के गार्ड एवं अन्य विशेस स्थिति में छूट प्रदान की है। थाना अंतर्गत तीन लोगों के द्वारा आम जनमानस में आतंक एवं भय का वातावरण आए दिन निर्मित किए जाने के कारण सारंगढ़ निवासी दीपक दुबे, छुल्हा निवासी सिंधु उर्फ संदीप मिश्रा पिता कुलदीप मिश्रा एवं मोहम्मद शब्बीर के खिलाफ पिछले कई वर्षों से लगातार अपराध में संलिप्त होकर मारपीट गुंडागर्दी अवैध खनन सहित अन्य अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर जिला बदर का प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक को भेजा गया है। सीमाओं पर चौकसी/ चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा लगने वाले थाना अंतर्गत कनवाही में चेक पोस्ट बनाया गया है जिसमें 24 घंटे एसएसटी टीम तैनात किया गया है जो कि प्रत्येक आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे हैं। हाल में ही 6 जरीकेन में विस्फोटक पदार्थ पेट्रोल को परिवहन करने के दौरान जप्त कर कार्यवाही की गई थी।

### इनका कहना है

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही लाइसेंसी हथियारों को जमा कराए गए हैं। चेक पोस्टों पर लगातार पुलिस जांच कर रही है।

**सुंद्रेश सिंह**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## रात के अंधेरे में बूचड़ खाने जा रहे मवेशी पहुंचे थाने

### 7 मवेशी सहित ट्रक जप्त आरोपी फरार

**कोतमा।** पशु तस्करी का गढ़ माने जाने वाले कोतमा क्षेत्र में गुरुवार की दरमियानी रात को पुलिस ने रात के अंधेरे में पशु तस्करी करते फिर एक बार वाहन एवं मवेशियों को पकड़ते हुए कार्यवाही की है। गुरुवार - शुक्रवार की रात 2 बजे के लगभग की गई कार्यवाही के दौरान सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रात में ही ट्रक एवं मवेशी को जप्त करते हुए थाने लाया, वहीं मवेशियों को कांजी हाउस के सुपुर्द किया गया। मौके पर 7 नग मवेशी जिसमें 1 भैंस एवं 6 पड़ा कीमती 2 लाख रुपए अनुमानित बताई जा रही है। पुलिस के द्वारा थाना में वाहन चालक, स्वामी एवं पशुओं को ट्रक में चढ़ाने वाले तस्करो के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही किए जाने की बात विवेचक बाबू लाल परस्ते द्वारा की जा रही है। बताया जाता है कि कोतमा क्षेत्र पशु तस्करों के लिए सुरक्षित ठीहा माना जाता है यहां पर अलग-अलग गांव में पशुओं का एकत्रीकरण



कर रात में वाहनों में लोड करने के लिए एक संगठित गिरोह तैनात रहता है जो केशवाही, गोहपारू, सतना होते हुए उत्तर प्रदेश पहुंचाए जाते हैं। कभी कभार पकड़े जाने पर सामान्य धाराओं में मामला दर्ज होता है जिस पर तत्काल पशु एवं आरोपी छोड़ दिए जाते हैं। जिससे उक्त अवैध कार्य सुनियोजित ढंग से फल फूल रहा है। स्थानीय लोगों ने तस्करी में जप्त वाहनों को राजसात कार्यवाही एवं गिरोह के लोगो पर प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि विगत दिनों पुलिस द्वारा रात के अंधेरे में पशु तस्करी करते हुए जानवरों से भरा हुआ एक ट्रक को पकड़ा था और उसके बाद पुलिस वाहवाही लूटते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई से इतिश्री कर ली थी। बताया जाता है कि कोतमा क्षेत्र में अब नगर से सटे हुए पैरीचुआ बसखली गढ़ी निगवानी छुल्हा मे अपना ठीहा बनाए हुए हैं जहां से रात के अंधेरे में पशु तस्करी का व्यवसाय खुलेआम संचालित हो रहा है। ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी पुलिस को ना हो लेकिन पुलिस बड़ी कार्रवाई करने से बचती है यदि कोई शिकायत कर दिया तब खाना पूर्ति के लिए पुलिस छोटी-मोटी करवाई कर अपने जिम्मेदारी निभाने का ढोंग करती है।

## 11 अप्रैल को ईद उल फितर पर्व मनाये जाने की उम्मीद



### बढ़ने लगी बाजारों में चहल पहल

**कोतमा।** 11 अप्रैल को ईद उल फितर पर्व मनाये जाने की उम्मीद है। ईद को लेकर उमंग का माहौल दिखने लगा है। त्योहार की खरीदारी को लेकर नगर सहित कोयलांचल के बाजरों में सुबह 10 बजे से देर रात तक लोगों की आवाजाही दिख रही है। रमजान अपने साथ ईद ईद उल फितर की खुशियां लेकर आता है। ईद इस्लामी कैलेंडर के 10वें महीने शव्वाल के पहले दिन मनायी जाती है। यह त्योहार मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला माना जाता है। इसे सभी आपस में मिल कर मनाते व खुदा से अपने व परिवार की सुख-शांति व बरक्कत की दुआ मांगते हैं। इस वर्ष ईद का त्योहार 10 अप्रैल को चांद दिखा, तो 11 अप्रैल को मनाये जाने की उम्मीद है। पैगंबर मुहम्मद ने मनायी थी पहली ईद माना जाता है कि सबसे पहली ईद सन 624 ईस्वी में पैगंबर मुहम्मद ने मनायी थी. इस ईद को ईद उल-फितर के नाम से जाना गया. पैगंबर हजरत मोहम्मद ने ईद बद्र के युद्ध में विजय हासिल करने की खुशी में मनायी थी। इस्लामिक प्रथा के मुताबिक ईद की नमाज अदा करने से पहले हर व्यक्ति को दान (जकात व फितरे) देना जरूरी होता है।

### बढ़ने लगी बाजारों में चहल पहल

ईद की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, बाजार में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। दोपहर बाद से देर रात तक खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार रह रहते हैं । नगर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी को लेकर सुबह करीब 10 बजे से देर रात तक लोगों की आवाजाही हो रही है। दोपहर बाद से रात करीब आठ बजे तक इन प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में लोगों की भीड़ अधिक जुटने से जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार आने वाले अधिकतर लोग अपनी जरूरतों के अनुसार ईद से जुड़े सामान की खुलकर खरीदारी कर रहे हैं। शाम ढलने के बाद ईद की खरीदारी को लेकर काफी लोगों के बाजार पहुंचने से देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है। कपड़ा, सेवई, खजूर व इत्र के कारोबार को लगा है पंख ईद के दिन नये कपड़े पहनने के साथ-साथ इत्र लगाने की पुरानी परंपरा रही है। इसके कारण कपड़े के साथ-साथ सेवई, खजूर, इत्र, टोपी, फुटवियर व नये बर्तनों के कारोबार को पंख लग जाते हैं। अधिकतर सामान के दाम बढ़ने के बावजूद भी ईद मनाने वाले अधिकतर लोग अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार खुले मन से खरीदारी कर रहे हैं। ईद की खरीदारी करने आये लोग अपनी जरूरत व शौक के अनुसार इत्र की भी खुलकर खरीदारी कर रहे हैं।

### पढ़ी अंतिम जुमे की नमाज

शुक्रवार 5 अप्रैल को रमजान महीने के अंतिम शुक्रवार को काफी संख्या में कोतमा नगर के बनिया टोला पुराना स्टेट बैंक के पास इस्लामगंज गोविंदा लहसुई कैंप लहसुई गांव सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों में पहुंच कर मुस्लिम समाज के युवा बुजुर्गों ने नमाज पढ़ी।

## महाविद्यालय कोतमा की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर सम्पन्न

**कोतमा।** महाविद्यालय की एनएसएस पुरुष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह प्राचार्य डॉ. व्ही के सोनवानी तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। स्वयं सेवकों के समूह गीत के पश्चात माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राकेश कुमार पवार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होने कहा कि विशेष शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे योग व्यायाम, परियोजना कार्य, श्रम सीकर, बौद्धिक सत्र, खेल कूद, जनसंपर्क एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के सरोकारों समाज के सरोकारों से जोड़ते हुए व्यक्तित्व विकास और संप्रेषण कौशल के विकास का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ है। शिविर के सदस्य सागर प्रसाद गुप्ता और साथियों के द्वारा बेटी बचाओ थीम पर आधारित लोकप्रिय गीत ओ री चिरैया की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।



प्राचार्य डॉक्टर व्ही के सोनवानी ने इस अवसर पर शिविर में सहभागिता कर रहे हैं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से उनमें जीवन की चुनौतियों से संघर्ष करने हेतु आत्मबल और नैतिक बल दोनों ही प्राप्त होंगे। प्रो श्रीकांत मिश्रा ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर में सहभागिता करने हेतु बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. अनीता तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से विद्यार्थी ग्रामीण समस्याओं को और निकट से समझने और निकट से समझने की अवसर प्राप्त करते हैं। प्रो. मो. मोवीन ने कहा कि सात दिवसीय शिविर सभी प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास हेतु एक सशक्त आधार सिद्ध होगा। प्रो. राजेश वरकड़े ने इस अवसर पर कहा कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थी समूह भावना का विकास करते हुए समस्याओं से मिलकर लड़ने का हुनर सीख सकते हैं। इस अवसर पर प्राथमिक शाला जमुड़ी के शिक्षक जवाहर-लाल कोठी ने कहा कि हमारे परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन से हमें और हमारे विद्यार्थियों को भी मिलकर साफ सफाई करने की सीख मिली है।सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल आयोजन में राजा बाबू साहनी, प्रीतम सिंह,आकाश यादव अंश जैन, अरुण लखेरा, आयुष मिश्रा, प्रियांशु शर्मा, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सागर प्रसाद गुप्ता, करण हरिजन, हरिश्चंद्र मार्को, अनंत जैन, शिवांश शर्मा, राज ताम्रकार, रवि साहु, दुर्गेश महरा, भूपेंद्र सिंह, सागर सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एसईसीएल ने रामपुर के किसानों को 3 करोड़ वसूली का नोटिस दिया तो ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की



**अमलाई।** रामपुर बेलिया के ग्रामीणों ने 04 मार्च को एसईसीएल प्रबंधक एवं प्रशासन को ज्ञापन दिया था जिस पर सुनवाई नहीं हुई तो किसानों ने दिनांक 09 मार्च से कोयला प्रबंधन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया गया। जिस पर 12 मार्च को एस.ई.सी.एल. प्रबंधन व जिला प्रशासन व प्रभावित किसानों के बीच समझौता हुआ जिसमें प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि 3 माह की समय सीमा के अंदर प्रभावित किसानों को मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार एवं बहाली की व्यवस्था की जाएगी, परंतु 19 मार्च को एडवोकेट रामलखन की सहमति से , अखिलेश्वर मिश्रा सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक, रामपुर बटुरा परियोजना एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र के थाना अमलाई जिला शहडोल की सहमति से हमने प्रभावित किसानों को 15 दिन के भीतर 3 करोड़ रुपए की वसूली के लिए नोटिस भेजा गया, जबकि प्रभावित किसानों की जमीन वर्ष 2011 में अधिग्रहित की गई थी, लेकिन आज तक रोजगार नहीं मिला है। प्रभावित किसानों को पुनर्वास, ज़मीन का मुआवज़ा, पेड़-पौधों का मुआवज़ा पूरा नहीं दिया गया और अगर भारी ब्लास्टिंग हो तो पूरा घर हिल जाता है. कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं.जांच भी हुई फिर भी प्रबंधन की ओर से उन्हें कोई मुआवजा नही दिया गया। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में भी प्रभावित किसानों ने बेलिया रामपुर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया था, जिसमें शहडोल कलेक्टर द्वारा आश्वासन के बाद सुबह 9 बजे के बाद मतदान शुरू हो सका था जिसमे कहा गया था कि 15 दिन के अंदर प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा जिस समस्या से आज तक किसान जूझ रहे हैं इसलिए जिला प्रशासन व एस.ई. सी.एल. प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए किसानों ने अनुरोध किया है कि यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो एसईसीएल से पीड़ित किसान सामूहिक रूप से आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं। जिसके लिए एसईसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन पूर्ण रूप से जवाबदेह होगा। और कहा कि उचित तथ्यों की जांच कर दोषी व्यक्तियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है कलेक्टर एवं उप पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में किसानों ने बताया कि पत्र मिलने के बाद से प्रभावित किसानों को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक शोषण के शिकार हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट प्रांगण में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। शासकीय प्राथमिक पाठशाला मगुरिहाई के छात्र-छात्राओं ने चुनाव पाठशाला एवं यूथ चले बूथ की थीम पर आर्कषक प्रस्तुति देकर मतदान के लिए जागरूक किया। नवोदय पब्लिक स्कूल अमवा, संजीव स्कूल ढेकहा, उत्कृष्ट मार्तण्ड क्रमांक एक, सीएम राइज पीके स्कूल सहित शिक्षा महाविद्यालय एवं माडल साइंस कालेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर मंडपम आर्ट के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए एवं विद्यालय व महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### 5 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं छात्रवृत्ति फार्म

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्यनरत सत्र 2022-23 एवं 2023- 24 पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति ओबीसी,एससी, एसटी (नवीन एवं नवीनीकरण) के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात छात्रवृत्ति फॉर्म महाविद्यालय में जमा नहीं किया है, वे सभी छात्र-छात्राए 05 अप्रैल तक अपना फॉर्म समस्त आवश्यक दस्तावेज सहित महाविद्यालय में जमा कर सकते है। ताकि छात्रवृत्ति फार्म का सत्यापन समय से हो सके एवं सभी विद्यार्थियों को एबीसी (एकेडमिक बैंक का क्रेडिट) आईडी बनवानें हेतु कहा गया है।

### आओ मिलकर अलख जगायें शत-प्रतिशत मतदान करायें

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत निर्देशन स्वीप गतिविधियां के तहत दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रंखला में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पड़रभटा, हरदुआ कलॉ, सी.एम.सी.एल.डी.पी छात्र शिवम वर्मा, सुमित सिह, अखलेश कुमार मेहरा, शिवानी मेहरा, द्वारा दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन प्रदर्शित किये जा रहे है। मतदान स्लोगन में बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, बूढे हो या जवान सभी करे मतदान, जब भी वोट डालने जाये पहचान पत्र साथ मे लाये, लालच देकर वोट जो मांगे भ्रष्टाचार करेगा आगे।

### विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश दिलाने निर्देश

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिह द्वारा जिले के समस्त शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में कक्षा 8वीं में उत्तीर्ण होनें वाले सभी विद्यार्थियों के स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, टी.सी अपने नजदीकी शासकीय हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराते हुए सभी विद्यार्थियों का प्रवेश कक्षा 9वीं में करानें हेतु निर्देशित किया है।

# तबादला सीजन : कुर्सी के कब्जेदारों का हिसाब होगा?

## वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे कर्मचारी अधिकारी कंपनी के लिए हानिकारक




**धनपुरी।** तबादलों का मौसम आ चुका है, अन्य सरकारी विभागों कार्यालयों की भांति एसईसीएल भी इस मौसम से अछूता नहीं है। कंपनी के नियमों के अनुकूल अथवा प्रतिकूल वर्षों से एक ही स्थान पर कुंडली मारकर बैठे अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही अनुचित तरीके अपनाकर अंडर ग्राउंड के बजाय सरफेस अथवा कमाई दार कुर्सी पर कब्जा जमाए कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रबल संभावनाएं जताई जा रही हैं। हालांकि ऐसी संभावनाएं हर साल जताई जाती हैं लेकर अंत में मामला टाय टाय फिश हो जाता है और जुगाड़ टेक्नोलॉजी में माहिर अधिकारी कर्मचारी कंपनी के नियमों को धता बताने में सफल हो जाते हैं देखना यह है कि मौजूदा तबादला सीजन में किस-किस का कल्याण या बंटाधार होता है।एसईसीएल सोहागपुर एरिया द्वारा कोयला टारगेट पूर्ण होने पर एरिया लाभ दिलाने वाले एरिया के उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक अन्य अधिकारियों का प्रमोशन, स्थानांतरण की प्रक्रिया में एरिया अधिकारी एरिया में ही ज्यो के त्यों अपने स्थान में जमे रहेंगे या फिर अप्रैल माह के बाद एरिया स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण की प्रक्रिया बिलासपुर मुख्यालय के द्वारा किया जाता है। सूत्रों के अनुसार कंपनी के नियमानुसार एक ही एरिया में 20 वर्षों से पदस्थ खान प्रबंधक व सब एरिया मैनेजर का स्थानांतरण एसईसीएल के बाहर अन्य एरिया में किए जाने की परंपरा रही है। सोहागपुर एरिया में आधा दर्जन ऐसे अधिकारी होंगे जो एसईसीएल एरिया के बाहर स्थानांतरण होंगे और उनके स्थान पर नए प्रबंधक सोहागपुर एरिया में पदस्थ होंगे। जो 20 वर्षों से एसईसीएल में अपनी सेवा दे रहे हैं उनका प्रमोशन,स्थानांतरण एसईसीएल के बाहर अन्य एरिया के लिए होने संभावना है।एसईसीएल के नए सीएमडी प्रेम सागर मिश्रा वर्षों पूर्व सोहागपुर एरिया के विभिन्न माइंसो में सेवा दे चुके हैं। सीएमडी बनने के बाद उन्होंने सोहागपुर एरिया की खदानों की वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के लिए पहले दौरे के दौरान एरिया की एक एक खदानों का कोयला उत्पादन को लेकर सूक्ष्मता से पड़ताल किया था। पत्रकार के पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एरिया प्रबंधन द्वारा कोयला उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ नया मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा खुल जाने के बाद ही सोहागपुर एरिया को करोड़ों घाटे को पहले जल्द जल्द घाटे को पाटा जा सके। कब आगे की रणनीति बनाई जाएगी जो सच साबित हो रही है ।

# आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रीवा पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**रीवा ।** पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा विवेक सिह के नेतृत्व मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक नवीन तिवारी सहित रीवा शहर के अंदर शहर के समस्त थानो के थाना प्रभारियों, सी.आर.पी.एफ. एवं जिला पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर एरिया डोमिनेशन किया गया एवं आम जन को समझाइस दी गई कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि का हिस्सा न बनें, आचार संहिता के नियमो का पालन करें, किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहे, निडर होकर चुनाव में भाग लें एवं किसी भी प्रकार आचार संहिता का उलंधन दिखाई पडनें पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें । आचार संहिता का उल्लंघन करने वालो के विरुध्द सख्त से सख्त कार्यवाही जायेगी ।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान हेतु किया जा रहा जागरूक




**अमलाई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल के मार्गदर्शन में नगर परिषद बकहो द्वारा क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। भोपाल से आये कलाकारों द्वारा क्षेत्र में जगह जगह नुक्कड़ नाटक कर मतदान हेतु लोगो को जागरूक किया जा रहा है आगामी 19 अप्रैल को प्रथम चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र सहित 6 सीटों पर मतदान होना है। जिसको लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमलाई चौराहे पर कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। बताया गया कि भीड़भाड़ वाले जगहों पर और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान हेतु लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस बोलेरो गाड़ी से 1 लाख 20 हजार किया बरामद.


रीवा के उमरी चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान बरामद हुई रकम.

**रीवा।** जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बोलेरों गाड़ी से 1 लक्ष्य 20हजार रुपय बरामद किए है जानकारी के मुताबिक बताते चलें कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस जिले में कई बनाएं है जहां से गुजरने वाले वाहनों के सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में आज चोरहट्टा पुलिस ने शिव बहादुर सिंह पिता स्वर्गिय हनुमान सिंह गहरवार ग्राम किरहाई पोस्ट अहिरगांव जिला सतना के गाडी नंबर एमपी 19 सीबी 9672 से 1 लाख 20 हजार रुपए पुलिस ने बरामद किए है. रीवा की ओर आ रही बोलेरो वाहन चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने वाहन चेक करने के लिए गाड़ी रुकवाया तो चेकिंग के दौरान चोरहटा पुलिस को शिव बहादुर सिंह से बोलरो गाड़ी में रखे बैग से 1 लाख 20.000 रूपये नगद कैश बरामद हुआ जिसे चोरहटा पुलिस ने नगदी रकम को जप्त कर निर्वाचन आयोग में भेज दिया. पुलिस द्वारा हर आने जाने वाली गाड़ी की जांच पड़ताल निरंतर कि जा रही है, बिना जांच के किसी भी गाड़ी को जिले के अंदर प्रवेश नही दिया जा रहा है.

**इनका कहना है**

आचार संहिता के कारण जिले में लगातार चेकिंग की जा रही है चोरहटा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 1 लाख 20.000 रुपए बरामद किए गए हैं अग्रिम कार्रवाई करके निर्वाचन आयोग को सौंप दिया गया है आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी

**विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा**

# नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन द्वारा नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 05.04.2024 को अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला की उपस्थिति में लेते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है तथा उसकी मरम्मत अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा कराकर उसके ऊपर मिट्टी डाल दी जाती है अथवा कंक्रीट कर दिया जाता है जिससे पाइप लाइन में गंदा पानी एकत्रित होता रहता है तथा गंदे पानी की शिकायत विभिन्न स्थानों से प्राप्त होती हैं। सभी जोन के सहायक यंत्री, उपयंत्री यह सुनिश्चित करें कि क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइनों की मरम्मत प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा कराई जाय। उपयंत्री क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की फोटोग्राफ तथा मरम्मत उपरांत फोटोग्राफी नगर निगम के ग्रुप में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। नगर निगम के ठेकेदार यदि पाइप लाइनों को छतिग्रस्त करते हैं और उसकी मरम्मत उचित ढंग से नहीं करते तो उनके ऊपर निर्माण लागत का 5 प्रतिशत की पेनाल्टी अधिरोपित की जाय। यदि उपयंत्री द्वारा छतिग्रस्त पाइप लाइन की सूचना समय पर नहीं दी जाती है तो उसके ऊपर रू. 2000 की पेनाल्टी प्रति प्रकरण अधिरोपित की जाय। निगमायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में पाइप लाइनों पर विशेष निगरानी रखी जाय जिसमें आम नागरिक को पानी की समस्या ना हो। सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ-साथ समय में पूर्ण कराये जाय। निगम की प्रापर्टी का वैल्यूएशन भी उपयंत्रियो द्वारा किया जाय। ट्रैफिक में वाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित कर उसे तत्काल हटाये जाने की कार्यवाही की जाय। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की फ्रंट लाइन एवं बैक लाइन का चयन अतिशीघ्र किया जाय। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टि में रखते हुए शहर के सभी मतदान केंद्रो में आवश्यक जानकारी की पेंटिंग कराई जाय। तथा मतदान केंद्रों में टॉयलेट की व्यवस्था उसकी सफाई, खिड़की दरवाजे आदि की जांच कर उसे तत्काल ठीक कराया जाय। पी.एम.आई.एस पोर्टल को अद्यतन किया जाय। मटेरियल की टेस्टिंग सरकारी लैब से ही कराई जाय। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, एसएल दहायत, सहायक यंत्री एसके गर्ग, बीएस बुंदेला, पीएन शुक्ला, अमरीश सिंह, राजेश मिश्रा, संतोष पाण्डेय, के साथ नगर निगम के समस्त उपयंत्री उपस्थित रहे।


# मतदान कर्मी 14 से 18 अप्रैल तक कर सकेंगे डाक मतपत्र से मतदान

रीवा

रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान दल में शामिल मतदान कर्मियों तथा चुनाव संबंधी अन्य कार्यों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मतदान का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि डाक मतपत्र से मतदान के लिए 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में व्यवस्था की गई है। इसके लिए ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के 11 कक्षों का 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक अधिग्रहण किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र से सुविधा देने के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के लिए कक्ष क्रमांक 17, सेमरिया के लिए कक्ष क्रमांक 18, त्योंथर के लिए कक्ष क्रमांक 21, मऊगंज के लिए कक्ष क्रमांक 22 तथा देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में तैनात मतदान कर्मियों के लिए कक्ष क्रमांक 23 में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा रहेगी। विधानसभा क्षेत्र मनगवां के लिए कक्ष क्रमांक 27, रीवा के लिए कक्ष क्रमांक 7, 8 तथा 9 में व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के लिए कक्ष क्रमांक 26 एवं अन्य जिलों से आए कर्मचारियों को मतदान की सुविधा देने के लिए कक्ष क्रमांक 25 में व्यवस्था की गई है। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य को डाक मतपत्र से मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्वीप गतिविधि के तहत महाविद्यालयों व विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन






**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विभिन्न महाविद्यालयो में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। जबकि पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज रीवा में मतदाता जागरूकता रैली में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लेते हुए आमजनों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार नगर पंचायत त्योंथर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी। नगर परिषद डभौरा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर परिषद चाकघाट में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक एवं कन्या की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिसा लिया। इसी क्रम में मऊगंज जिले के नईगढ़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

# जाँच के बाद 14 नामांकन पत्र पाए गए वैध

## नामांकन पत्रों की जाँच में पाँच नामांकन पत्र हुए निरस्त



**प्रेक्षक की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की हुई संवीक्षा**

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में कुल 19 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जाँच पाँच अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में की गई। आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की जाँच की गई। जाँच के बाद 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। विभिन्न कारणों से पाँच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त किए गए। जाँच के दौरान श्री बाबूलाल सेन मौलिक अधिकार पार्टी तथा निर्दलीय उम्मीदवार लालमणि कुशवाहा, राजनारायण माण्डव, सुशील मिश्रा सबके महाराज और ब्राह्दत्त मिश्रा के नामांकन पत्र अमान्य किए गए। कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा सहायक रिटर्निंग आफीसरों द्वारा नामांकन पत्रों की जाँच की गई। इस अवसर पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र रीवा के उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 8 अप्रैल को शाम 3 बजे तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। 8 अप्रैल को 3 बजे के बाद शेष बचे अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### वित्तीय वर्ष 2023-24 में 289.33 करोड़ रुपये खनिज राजस्व राशि की हुई प्राप्ति

**अनूपपुर।** कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) अनूपपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु शासन द्वारा खनिज राजस्व लक्ष्य राशि 308.50 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य प्राप्ति हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध राशि 289.33 करोड़ रुपये की प्राप्ति की गई है। साथ ही खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण के कुल 223 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज प्रकरणों में से न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर द्वारा निराकृत प्रकरणो में अर्थदण्ड राशि 48 लाख 85 हजार 640 रुपये वसूल किया गया है।

### अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही



**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिहं पंवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिहं एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। 05.04.2024 को टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजय खलखो, आरक्षक मनोज गुर्जर के द्वारा बम्होरिया तालाब के पास जैतहरी रोड अनूपपुर मे एक ट्रेक्टर महिन्द्रा कंपनी की लाल कलर का ट्रेक्टर आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोकने पर वाहन चालक वाहन को न रोककर चलाते हुए खेत मे उतार दिया व चालक ट्रेक्टर से उतरकर भाग गया महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 एवी 0437 में अवैध रूप से उत्खनन की हुई रेत का परिवहन करते हुए पाये जाने पर कार्यवाही की गई। ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 एवी 0437 के अज्ञात चालक व वाहन स्वामी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 203/24 धारा 379, 414 ताहि. 4/21 खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध किया जाकर वाहन को मय रेत के जप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

दोनों उम्मीदवारों के घोषित संपत्ति में जमकर आया उछाल

# हिमाद्री सिंह का 5 साल मे 130 प्रतिशत से ज्यादा तो फुंदेलाल की 70 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी संपत्ति

## भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह की संपत्ति मे 5 साल मे 5 करोड़ का इजाफा



## कांग्रेस उम्मीदवार फुंदेलाल सिंह की पांच साल में करीब एक करोड़ बढ़ी संपत्ति

एक पखवाड़े के भीतर लोकसभा चुनाव के पहले चरण मे शहडोल संसदीय क्षेत्र का मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा जिसके लिए भाजपा कांग्रेस समेत अन्य राजनैतिक दल व स्वतंत्र उम्मीदवार मतदाताओं को साधने एडी चोटी का जोर लगा रहे हैं। हालांकि यहां भाजपा के हिमाद्री सिंह व कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह की आमने सामने भिडंत है। शहडोल संसदीय क्षेत्र मे चुनाव मे पहले पायदान के सांसद उम्मीदवारों की अर्जित की गई संपत्तियों के लेखा जोखा से रू-ब-रू करवा रहे हैं जिसमे उनके द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से संपत्ति घोषित की गई है।

**अनूपपुर।** सांसद हिमाद्री सिंह के अपने चुनावी शपथ-पत्र के अनुसार उन पर कोई केस दर्ज नहीं है। हिमाद्री सिंह के पास 35 लाख कीमती फॉर्च्यूनर है, वही 2 लाख 50 हजार कीमती ट्रैक्टर भी है, इसके अलावा महिंद्रा स्कॉर्पियो जिसकी कीमत 28 लाख है। 2 बाइक हैं, जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार है। महिंद्रा थार जिसकी कीमत 18 लाख तथा 14 लाख की क्रेटा कार भी है। इसके अलावा हिमाद्री सिंह के पास 38 तोला सोना है, जिसकी कीमत 12 लाख 70,000 रुपये है वही 1 लाख 35 हजार रुपये की 3 किलो चांदी भी है, इसके अलावा पति पति नरेंद्र मरावी के पास 12 बोर की बंदूक है, जिसकी कीमत 35 हजार रुपये है।

### हिमाद्री सिंह की 5 साल में बढ़ी 5 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

सांसद हिमाद्री सिंह के पास रसोत, कोहका, लोहरिन, बसनिहा, दार सागर, चचानडीह, कोयलारी, घुईदादर, पांडव नगर शहडोल, लालपुर अमरकंटक विश्वविद्यालय के पास, अमरकंटक, भेजरी और सोहगपुर में जमीन है। हिमाद्री सिंह के नाम पर 35 लाख की जमीन, नरेंद्र सिंह मरावी के नाम पर 90 लाख की जमीन, भाई रुद्रप्रताप के नाम पर 2 करोड़ की जमीन है। पुत्री गिरीशा नंदिनी के नाम पर 8 लाख की जमीन है। इस तरह कुल मिलाकर 3 करोड़ 30 लाख से ज्यादा की जमीन इनके पास है। सांसद हिमाद्री सिंह के चुनावी शपथ-पत्र के अनुसार उनके पास 2019 में ख 64 हजार 408 रुपये की संपत्ति थी वहीं 2024 में बढ़ कर 8 करोड़ 50 लाख से ज्यादा की संपत्ति हो गई। पांच साल में बढ़ोत्तरी को देखें प्रति वर्ष 1 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है, मौजूदा वक्त के अनुसार 5 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बढ़ी है।

### कांग्रेस उम्मीदवार फुंदेलाल सिंह 2.35 करोड़ के मालिक

58 वर्षीय फुंदेलाल सिंह मार्को पुष्पराजगढ़ से तीन बार के विधायक हैं। स्वयं का पेशा कृषि, वेतन और व्यवसाय है। पत्नी का पेशा सरकारी कर्मचारी वेतन और कृषि है। शंभूनाथ शुक्ल राजकीय महाविद्यालय से स्नातकोत्तर एम.ए. कॉलेज शहडोल, वर्ष-2007 एवं लॉ कॉलेज शहडोल, अवध प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा, मप्र से एलएलबी वर्ष 2007 में पूरी की। इसके साथ वे पुष्पराजगढ़ तहसील में वकालत भी किए हैं। फुंदेलाल सिंह मार्को पर अनूपपुर जिले के चचाई थाने में 266/2020 में दर्ज है। लोक सेवक द्वारा विधिवत प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा से संबंधित आरोप (आईपीसी धारा-188) है।

### फुंदेलाल सिंह के पास 22 लाख 78 हजार के सोने-चांदी के आभूषण

कांग्रेस उम्मीदवार फुंदेलाल सिंह मार्को ने बोलेरो 2017 में खरीदी, जिसकी कीमत 8,14,575 है। इसके साथ ही हुंडई एक्सेंट, 2014 खरीदी जिसकी कीमत 8,34,556 है। इसके अलावा बजाज पल्सर 2011 में खरीदी जिसकी कीमत 99,000 है। इस तरह फुंदेलाल सिंह मार्को के नाम पर पर कुल 17 लाख 48 हजार 131 रुपये की गाड़ियां हैं। इसके अलावा इनके पास सोना-चांदी के आभूषणों में सोना 40 ग्राम है, जिसकी कीमत 2 लाख 37 हजार 760 रुपए है। इसके साथ ही सोना 300 ग्राम है, जिसकी कीमत 17 लाख 83 हजार 200 रुपए है वहीं चांदी 2 किलोग्राम है, जिसकी कीमत 1 लाख 38 हजार 790 रुपए है। साथ ही सोना 10 ग्राम, जिसकी कीमत 59 हजार 440 रुपए है। सोना 10 ग्राम है, जिसकी कीमत 59 हजार 440 रुपए है। कुल मिलाकर फुंदेलाल के पास 22 लाख 78 हजार 630 रुपये के सोने-चांदी के आभूषण हैं।

### पेट्रोल पंप के मालिक हैं कांग्रेस उम्मीदवार

पुष्पराजगढ़ विधायक एक पेट्रोल पंप के मालिक भी हैं। शपथ पत्र में आय का जरिया कृषि, विधायक वेतन और पेट्रोल पंप को बताया है। इनके पास 32 एकड़ से अधिक जमीन है, जिसमें कुछ जमीन इनके दोनों पुत्र आशुतोष सिंह और अमितोष सिंह के नाम पर भी है। फुंदेलाल के पास किरगी, पटना, भमरिया और भमरहा में जमीन है। इस तरह से कुल मिलाकर 1 करोड़ 53 लाख से अधिक की जमीन इनके पास है। चुनाव आयोग को शपथ-पत्र में दी गई जानकारी के अनुसार विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को 2 करोड़ 35 लाख 69 हजार रुपये से ज्यादा के मालिक हैं वहीं देनदारी की बात करें तो 97 लाख रुपये से अधिक है। फुंदेलाल के पास 2018 में 1 करोड़ 51 लाख 51 हजार 737 रुपये की संपत्ति थी, जिसमें देनदारी 14 लाख 20 हजार 638 रुपये थी, वहीं पांच साल में संपत्ति करीब एक करोड़ बढ़ी है।

# चुनाव नजदीक आते ही रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा हुआ बुलंद

### ताराडांड के ग्रामीणों ने लगाया पोस्टर, निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र




**अनूपपुर।** मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत ताराडांड के रहवासियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर को लोकसभा चुनाव के बहिष्कार के लिए पत्र लिखा है, जिसके अनुसार ताराडांड के वार्ड नंबर 2 बैरहनी टोला मे कई वर्षों से लोग निवासरत होकर सब्जी की खेती कर जीवन यापन कर रहे हैं, किनतु आज तक आवागमन के लिए सड़क नही नही बन पाई। इस संबंध मे ग्राम पंचायत द्वारा कई बार प्रस्ताव दिया गया किन्तु कोई भी ठोस कार्यवाही नही हो सकी। जिससे क्षुब्ध होकर यहां के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे डाली। 5 अप्रैल को गांव के शिव प्रसाद सिंह, विकास, बबलू, राजा, रोहित, दुकाली, महेन्द्र पटेल समेत अन्य ग्रामीणों ने गांव मे रोड नही तो वोट नही, पहले रोड बाद मे वोट लिखकर बैनर लगा दिया है वही बैनर मे लोकसभा चुनाव मे वोटिंग का पूर्ण बहिष्कार करने की बात भी लिखी गई है साथ ही नेताओं को भी वोट मांगकर शर्मिंदा न करने की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर यहां के लोगों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार सूचित भी किया फिर भी इनके कान में जूं तक नही रेंगी। नेताओं और अधिकारियों की इसी उदासीनता के चलते ग्रामीणों को अपनी आवाज बुलंद करना पड़ा। ज्ञात हो कि एक तरफ सरकार जहां सड़क, बिजली, पानी समेत जनता की तमाम मूलभूत सुविधाओं को धरातल पर देने की बात कह रही है और बहुत सी जगहों पर सरकार ने अपने इन वादों को पूरा भी किया है तो वहीं ताराडांड में सरकार के ही जनप्रतिनिधि चाहे वह सांसद हो या विधायक हो या फिर प्रशासनिक अधिकारी ये सभी सरकार के इन वादों को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव मे मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार को तूल दे दिया है। जिसके बाद हालांकि प्रशासन हरकत मे आ गया है, अब देखना होगा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार पर क्या निर्णय लेता है।




## परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**अनूपपुर।** परिवहन आयुक्त महोदय, मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर अनूपपुर द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचरण संहिता के दौरान यात्री एवं मालयान वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं जिसके पालन में 5 अप्रैल को जिला परिवहन अधिकारी, अनूपपुर द्वारा नेशनल हाईवे फुनगा के पास एवं अमरकंटक रोड मे कार्रवाई की गई जिसमें एक बस एमपी 18 पी 0217 बिना परमिट टैक्स बकाया होने पर फुनगा थाने में जप्त कर रखी गई एवं अमरकंटक रोड पर बस क्रमांक सीजी 10 के 9116 बिना फिटनेस एवं टैक्स बकाया होने पर आरटीओ ऑफिस में जप्त कर रखा गया । जांच के दौरान वाहनों के पदनाम प्लेट परमिट फिटनेस बीमा पीयूसी अग्निशमन यंत्र ड्राइवर लाइसेंस मेडिकल किट एचएसआरपी नंबर प्लेट आदि की जांच की गई। कार्यवाही के दौरान 60 वाहनों की चेकिंग की गई उनमें से 8 वाहनों से शमन शुल्क 10500 वसूल किया गया। वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वैध दस्तावेज होने पर ही वाहन संचालित करें एवं नंबर प्लेट पर पदनाम प्लेट ना लगाए अवैध रूप से संचालित पिकअप वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि पिकअप में सवारी ना बैठाई जाए वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## मतदाताओं को जागरूक करने आयोजित की जा रहीं स्वीप गतिविधियां



**अनूपपुर।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा नोडल अधिकारी स्वीप तन्मय वशिष्ठ शर्मा की नेतृत्व में स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को एक वोट का महत्व बताया जा रहा है साथ ही उनके अधिकारों की भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे निर्भीक, निष्पक्ष, स्वतंत्रता से अपने मतों का प्रयोग कर सके।

लोकसभा निर्वाचन में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत जिलें के ग्राम बकेली सहित अन्य विभिन्न ग्रामों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान हेतु संदेश दिया जा रहा है तथा दिव्यांग मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।

रंगोली बनाकर मतदान करने किया गया प्रेरित
जैतहरी जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामो में महिलाओं ने मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदान संबंधी रंगोली बनाई गई एवं मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही आने वाले 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

सभी ग्रामों में निकाला जा रहा मतदाता जागरूकता रैली
जिले के सभी जनपदो एवं ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के नारों के साथ मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदाताओं को उनके मतो के अधिकार के संबंध में भी समझाइइश दी जा रही है।

शा.उ.मा.वि. चिल्हारी, धिरौल, पटना, पिपरिया सहित अन्य विद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्राओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। छात्रों ने अपने सहपाठियों के हाथ में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखकर चित्र भी बनाया जा रहा है।

### दीवार लेखन के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे एवं मतदान की तरीख लिखकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जागरूकता नारों सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से एक वोट से होती जीत हार वोट न हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। लोकतंत्र का यही है नारा मतदान करना गर्व हमारा। वोट करें वफादारी से चयन करें समझदारी से आदि लिखकर मतदान की महत्व के बारे में बताया गया। जिले में स्कूली छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान की अपील की। छात्राओं ने अपने हाथों से पोस्टर बनाएं जिनके माध्यम से संदेश दिया जा रहा। इसके अलावा स्कूलों में मतदान के लिए जागरूक करने के लिए आकर्षक रंगोली बनाई।

# राजनीतिक अहमियत और ताकत दिखाने का प्रयास हुआ विफल



### भाजपा की सदस्यता लेने वाले राज किशोर राठौर दिखे कांग्रेस प्रत्याशी के साथ

**अनूपपुर।** कांग्रेस पार्टी में लगातार बने रहने के बाद एकाएक अहमियत और ताकत कमजोर पड़ने से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने एक पत्रकार वार्ता अनूपपुर में आयोजित कर कांग्रेस पार्टी से नगर परिषद जैतहरी के पार्षद राज किशोर राठौड़ के अलावा कुछ अन्य लोगों के साथ कांग्रेस से त्यागपत्र देने की घोषणा की, लेकिन किस दल में जाएंगे इसकी घोषणा से बचते नजर आए, लेकिन 2 दिन बाद ही जब उमरिया में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आए तो अचानक कांग्रेस छोड़ने वाले जयप्रकाश अग्रवाल उमरिया पहुंचकर चुपचाप मुख्यमंत्री से भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र पहनकर अपने को भाजपाई सिद्ध कर दिया परंतु आश्चर्य तब हुआ जब कांग्रेस के लोकसभा सांसद प्रत्याशी पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को अपने प्रचार अभियान के तहत जैतहरी पहुंचे तो राजकिशोर राठौर पार्षद वार्ड क्रमांक 13 उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए दिखाई दिए और उनके प्रचार-प्रसार में अपने आप को समर्पित कर दिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह के साथ-साथ घूम-घूम कर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह मार्को के सघन प्रचार अभियान में पूरी तरह से लगे रहे वही कांग्रेस की बैठकों में भी शामिल रहे। इस तरह से देखा जाए तो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए जयप्रकाश अग्रवाल अपनी अहमियत और ताकत दिखाने के लिए भाजपा नेतृत्व के साथ मजाक किया है। यही नहीं कभी कांग्रेस के जमाने में जब बिसाहूलाल सिंह कांग्रेस में थे तो उनके साथ पूरी तन्मयता के साथ जयप्रकाश अग्रवाल लगे रहते थे, लेकिन अचानक जब बिसाहूलाल सिंह भारतीय जनता पार्टी में चले गए तो उन्होंने भाजपा ज्वाइन नहीं किया और चोरी छिपे उनसे मिलते रहे, लेकिन धीरे-धीरे दोनों के बीच मनमुटाव हो गया और जयप्रकाश अग्रवाल बिसाहूलाल सिंह से पूरी तरह दूरी बना लिए और बिना उनकी जानकारी के चुपचाप जाकर मुख्यमंत्री से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जो लोगों की समझ से परे है। पता चला है कि कुछ अन्य लोगों का त्यागपत्र भी इन्होंने कांग्रेस से दिलाया था। लेकिन वह सब फिर से कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया कि उनके साथ कोई नहीं है। जयप्रकाश अग्रवाल ने केवल कांग्रेस से ही छलावा नहीं किया। बल्कि भाजपा में जाकर भी छलावा करने की कोशिश की जो स्वयं बेनकाब हो गए। देखा जा रहा है कि कांग्रेस के लोग चुनाव आते ही धीरे-धीरे भाजपा की शरण में जा रहे हैं और वह पुरानी भाजपा को जिसकी एक पहचान, एक शान, एक छाप, एक मर्यादा थी उसका पूरी तरह से कांग्रेसीकरण करने लगे, परंतु ऐसे कांग्रेसियों की भाजपा में कोई पूछ-परख नहीं है। आज वह सब अलग-थलग पड़े हैं। कांग्रेसियों को पचा भी नहीं पा रहे हैं।

